Date:- 18-07-2024
Dainik Bhaskar, Page-ii, Surat

भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट टीबीएम तापी ने सेंट्रल वेयर हाउस मेट्रो स्टेशन तक ड्रिलिंग पूरी की

अप-डाउन टनल 2.3 किमी तक खुद चुकीं, 3 माह में दोनों हो जाएंगी तैयार

लवकुश मिश्रा | सूरत

सूरत मेट्रो रेल के अंडरग्राउंड सेक्शन का काम तेज रफ्तार से चल रहा है। टीबीएम 'नर्मदा' के बाद अब तापी ने भी ब्रेक थ्रू कर दिया है। यह ब्रेक थ्रू अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन सेंट्रल वेयर हाउस पर पूरा किया। इसी के साथ अब कापोद्रा से सूरत स्टेशन तक के 3.46 किमी अंडरग्राउंड मार्ग में अप और डाउन दोनों लाइनों के लिए लगभग 4.6 किमी (2.3-2.3 किमी) टनल का काम पूरा कर लिया है। अब तापी और नर्मदा टीबीएम को सिर्फ एक-एक ब्रेक थ्रू और करने हैं जो आखिरी पॉइंट लंबे हनुमान रोड के नीचे बन रहे सूरत मेट्रो स्टेशन पर होगा। उसके बाद यह सेक्शन पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। बता दें कि सूरत मेट्रो लाइन-1 के पहले अंडरग्राउंड सेक्शन के पैकेज सीएस-2 कापोद्रा से सूरत रेलवे स्टेशन तक के 3.46 किमी भूमिगत मार्ग में यह अप लाइन टनल के लिए तापी टीबीएम का पहला आधिकारिक ब्रेक थ्रू है। इससे पहले डाउन लाइन टनल का ब्रेक थ्रू नर्मदा टीबीएम ने सेंट्रल वेयर हाउस स्टेशन पर मार्च 2024 में पूरा किया गया था। यानी अब 3.46 किमी अंडरग्राउंड रूट में ओवरऑल 2.3 किमी टनल का काम पूरा कर लिया गया है। जबकि अप और डाउन दोनों मिलाकर कुल 4.6 किमी टनल तैयार कर ली गई है। सूरत मेट्रो के अधिकारियों ने बताया कि इस साल जनवरी में तापी टीबीएम तापी ने अप लाइन टनल के लिए लाभेश्वर चौक स्टेशन से टनल ड्रिलिंग का काम शुरू किया और साढ़े पांच महीने यानी 16 जुलाई को सेंट्रल वेयर हाउस के पूर्वी शाफ्ट तक लगभग 644 मीटर टनल बनाकर सेंट्रल वेयर हाउस स्टेशन से बाहर निकली। तापी टीबीएम को अब सेंट्रल वेयर हाउस स्टेशन से आगे भेजा जाएगा और सूरत स्टेशन के पूर्वी शाफ्ट तक लगभग 388 मीटर का टनल निर्माण और किया जाएगा। यह लगभग दो महीने में पूरा हो जाएगा। यानी अक्टूबर तक कापोद्रा से सूरत स्टेशन तक 3.46 किमी टनल का काम पूरा कर लिया जाएगा।

मेट्रो: तापी और नर्मदा टीबीएम बना रहीं अप और डाउन टनल



मेट्रो अंडरग्राउंड सेक्शन की दोनों टनल के कार्य की प्रगति

1-अप लाइन की टनल बना रही तापी टीबीएम

स्टेशन	दूरी (मी.)	स्थिति
कापोद्रा से लाभेश्वर	1450	तैयार
लाभेश्वर से सेंट्रल वेयर हाउस	644	तैयार
सेंट्रल वेयर हाउस से सूरत स्टेशन	389	शुरू होगा

नोट: कुल 2484 मीटर में से 2094 मीटर टनल तैयार।

2. डाउन लाइन की टनल बना रही नर्मदा टीबीएम)

स्टेशन	दूरी (मी.)	स्थिति
कापोद्रा से लाभेश्वर	453	तैयार
लाभेश्वर से सेंट्रल वेयर हाउस	651	तैयार
सेंट्रल वेयर हाउस से सूरत स्टेशन	388	ड्रिलिंग जारी

नोट: कुल 2492 मीटर में से 2200 मीटर से ज्यादा टनल तैयार।

ब्रेक थ्रू: 'तापी' सेंट्रल वेयर हाउस स्टेशन के बाहर निकली तो कर्मचारी खुशी से झूम उठे

इससे पहले नर्मदा टीबीएम ने 3 माह में किया था ब्रेक थ्रू, जबकि तापी को साढ़े पांच महीने लग गए

डाउन लाइन टनल के काम की रफ्तार ज्यादा तेज है, क्योंकि यहां नर्मदा टीबीएम द्वारा कुल 2492 मीटर टनल में से 2200 मीटर से ज्यादा का काम पूरा कर लिया गया है। जबकि अप लाइन टनल में तापी टीबीएम ने 2484 मीटर में से 2094 मीटर का काम पूरा कर लिया है। इससे पहले टीबीएम नर्मदा (एस78) मार्च 2024 में लोभेश्वर चौक से सेंट्रल वेयरहाउस स्टेशन तक पहुंची थी। उसे इस सेक्शन को पूरा करने में सिर्फ 3 महीने लगे थे। दूसरी तरफ तापी टीबीएम को साढ़े पांच माह लगे।

अब दोनों टीबीएम को एक-एक ब्रेक थ्रू करना है, फिर पूरी बन जाएगी टनल

अब कापोद्रा से सूरत स्टेशन तक के 3.46 किमी रूट में अप-डाउन दोनों लाइन के लिए लगभग 4.6 किमी (2.3x2 किमी) टनल का काम पूरा कर लिया है। अब तापी और नर्मदा टीबीएम को एक-एक ब्रेक थ्रू और करने हैं जो आखिरी पॉइंट लंबे हनुमान रोड के नीचे बन रहे सूरत मेट्रो स्टेशन पर होगा। उसके बाद यह सेक्शन पूरी तरह से तैयार हो जाएगा।

तीन महीने बाद कापोद्रा मेट्रो स्टेशन से टनल में बिछने लगेंगे मेट्रो के स्टैंडर्ड रेल गेज ट्रैक

मेट्रो रेल के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि लगभग 7 किमी अंडरग्राउंड मार्ग है, जो दो हिस्सों में बन रहा है। इसका पहला हिस्सा कापोद्रा से सूरत रेलवे स्टेशन तक है। इसमें नर्मदा और तापी टीबीएम ने लगभग 90% काम पूरा कर लिया है। अब सेंट्रल वेयर हाउस से सूरत स्टेशन के बीच केवल 388 मीटर टनल का काम बचा है, जिसे दो माह में पूरा करने का लक्ष्य है। नवंबर से कापोद्रा मेट्रो स्टेशन से टनल में ट्रैक बिछाने लगेगा।